>

Title: Regarding construction of road and bridge between Nandwara and Bairgania in Sitamarhi district, Bihar-laid.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सीतामढ़ी जिला के बैरगनिया प्रखण्ड के नंदवारा से बैरगनिया तक ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूँ । महोदय, उक्त नंदवारा से बैरगनिया सड़क एवं आर.सी.सी. पुल जुलाई, 2017 में बिहार में आयी भीषण बाढ़ में तबाह हो गयी थी जिसका निर्माण आज तक नहीं हो पाया है । जबकि यह सड़क जिला मुख्यालय से प्रखण्ड मुख्यालय को जोड़ते हुए भारत-नेपाल सीमा के चेक पोस्ट तक जाती है । अभी सड़क की ऐसी दयनीय स्थिति है कि लोगों का वाहन तो क्या पैदल चलना भी मुश्किल है । आये दिन यहाँ छोटी-बड़ी कई सड़क दुर्घटनाएँ होती रहती हैं खासकर बीमार महिलाएँ एवं पुरुषों को अस्पताल जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । कई मामलों में तो गर्भवती महिलाएँ इस रास्ते से जाने में असमर्थ रहती है जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है । इस महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण नहीं होने से लोगों में काफी रोष व्याप्त है ।

अतः सरकार से अनुरोध होगा कि जनहित में उपरोक्त नंदवारा से बैरगनिया सड़क एवं पुल का निर्माण शीघ्र कराया जाये ।